पत्र संख्या–१३/वि०मं०–११/२०२४ सा० 71/

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

सत्यम सहाय,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

पटना–१५, दिनांक – 19 फरवरी, 2024

विषय – मा० श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा) स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के २०६ वें सत्र में पूछा जाने वाला ऑन–लाईन तारांकित प्रशन संख्या–१/२०६/५४६ के स्थानांतरण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट से प्राप्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/५४६ द्वारा इस विभाग के लॉगिन से प्राप्त है। आलोच्य प्रश्न संख्या–१/२०६/५४६ का विषयवस्तु "जिलों के अंचलों में अमीन की कमी है तो उसे भरने के लिए सरकार के पास कोई योजना है,से संबंधित है,"। उक्त विषय राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना से संबंधित रहने के कारण आलोच्य तारांकित प्रश्न की प्रति वांछित कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि तारांकित प्रश्न का उत्तर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से देने की कृपा की जाय। साथ ही इसकी एक प्रति सामान्य प्रशासन विभाग, पटना को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय को दी जा रही है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–११/२०२४–सा० 71 /पटना–१५, दिनांक– 19 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/५४६ के क्रम में प्रेषित तथा अनुरोध है कि उक्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–१/२०६/५४६ को सामान्य प्रशासन विभाग, पटना की सूची से विलोपित कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की सूची में रखने की कृपा की जाय।

2. उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–११/२०२४–सा० 71 /पटना–१५, दिनांक– 19 फरवरी, २०२४

प्रतिलिपि–आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

(1)

बिहार विधान परिषद प्रश्न

1/206/546

अमीन की बहाली

07/02/2024 13/02/2024

*1/206/546 श्री सर्वेश कुमार(स्नातक दरभंगा)

सामान्य प्रशासन

(क) क्या यह सही है कि बिहार में जमीन संबंधित विवाद विभिन्न अंचल स्तर पर लंबित है, इसे दूर करने के लिए सरकार ने भू-मापक (अमीन) बहाल करने का निर्णय लिया है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में विभिन्न अंचलों में कितने अमीन की आवश्यकता है तथा अमीन की कितनी रिक्तियां भरी जा चुकी है;

(ग) क्या यह सही है कि अमीन नियुक्ति के परीक्षा फल में कोई प्रतीक्षा सूची बनाई गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या अभी जिन जिलों के अंचलों में अमीन की कमी है तो उसे भरने के लिए सरकार के पास कोई योजना है, यदि हाँ तो कब तक?

D.No-644/ST-13
15/02/24